भूगोल

चैप्टर नंबर	चैप्टर का नाम
चैप्टर 1	संसाधन
चैप्टर 2	भूमि, मृदा, जल, प्राकृतिक वनस्पति और वन्य जीवन
चैप्टर 3	खनिज और शक्ति संसाधन
चैप्टर 4	कृषि

Scanned with CamScanner

वर्ग - VIII अध्याय 1 संसाधन
विषय - भूगोल

प्र० → पृथ्वी पर संसाधन असमान रूप से क्यों वितरित है?

Ans → प्राकृतिक संसाधनों का वितरण भू-आकृतियों, जलवायु, ऊँचाई, वनस्पति जैसे अनेक भौतिक कारकों पर निर्भर करता है। पृथ्वी पर इन कारकों में विभिन्नता होने के कारण संसाधनों का वितरण असमान है।

प्र० → संसाधन संरक्षण क्या है?

Ans → संसाधनों का सतर्कता तथा बुद्धिमता पूर्वक उपयोग करना और उन्हें नवीकरण के लिए समय देना संसाधन संरक्षण कहलाता है।

प्र० → मानव संसाधन महत्वपूर्ण क्यों है?

Ans → मानव संसाधन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मनुष्य की योग्यताएँ ही भौतिक पदार्थों को मूल्यवान संसाधन बनाने में सहायता करती है।

प्र० → सतत पोषणीय विकास क्या है?

Ans → संसाधनों का सावधानी पूर्वक उपयोग ताकि न केवल वर्तमान पीढ़ी ही नहीं अपितु भावी पीढ़ियों की आवश्यकताएँ भी पूरी होती है।

Scanned with CamScanner

सही उत्तर पर निशान लगाइए :—

(i) निम्नलिखित में से कौन संसाधन को निर्धारित नहीं करता ?

(क) उपयोगिता
(ख) मूल्य — उत्तर → (ग) मात्रा
(ग) मात्रा

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा मानव निर्मित संसाधन है ?

(क) कैंसर उपचार की औषधियाँ
(ख) सोने का जल — उत्तर → (ख)
(ग) उच्चकटिबंधीय वन

(iii) कथन पूरा कीजिए —
जैव संसाधन ..... होते हैं।

(क) जीव-जन्तुओं से व्युत्पन्न — उत्तर → (क)
(ख) मनुष्यों द्वारा निर्मित
(ग) निर्जीव वस्तुओं से व्युत्पन्न

Scanned with CamScanner

प्र० - निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए

(i) संभाव्य और वास्तविक संसाधन :—

Ans :→

संभाव्य संसाधन	वास्तविक संसाधन
(i) वे संसाधन जिनकी संपूर्ण मात्रा ज्ञात नहीं हो सकी है। (ii) इन संसाधनों का वर्तमान में उपयोग नहीं किया जा रहा है परंतु भविष्य में इनका उपयोग किया जा सकता है। उदाहरण :- लद्दाख में पाया गया यूरेनियम	(i) इन संसाधनों की मात्रा ज्ञात होती है। (ii) इन संसाधनों का वर्तमान में उपयोग किया जा रहा है। उदाहरण :- कोयला, खनिज तेल इत्यादि।

प्र० → सर्वव्यापक और स्थानिक संसाधन

सर्वव्यापक संसाधन	स्थानिक संसाधन
जो संसाधन सभी जगह पाए जाते हैं वे सर्वव्यापक संसाधन कहलाते हैं। उदाहरण - वायु, सूर्य का प्रकाश इत्यादि।	जो संसाधन कुछ निश्चित स्थानों पर ही पाए जाते हैं वे स्थानिक संसाधन कहलाते हैं। उदाहरण - ताँबा, लौह-अयस्क इत्यादि।

Arun Sir (A.T.)
Gyan Kendra

Scanned with CamScanner

Class : 8 th
Subject : भूगोल
Chapter : 1
Chapter Name : संसाधन

Q1 पृथ्वी पर संसाधन असमान रूप से क्यों वितरीत हैं?

Answer.

i.प्राकृतिक संसाधन का वितरण भूभाग,जलवायु,ऊँचाई पर निर्भर है।
ii.पृथ्वी पर इन् कारको में विभिन्ता है।
iii.इसी विभिन्नता के कारण पृथ्वी पर संसाधन आसमान रूप से वितरित हैं।

Page : 5, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q2 संसाधन संरक्षण क्या हैं?

Answer.

i.संसाधनों का सतर्कतापूर्वक उपयोग करना और उन्हें नवीकरण के लिए समय देना संसाधन संरक्षण कहलाता है।
ii.संसाधन संरक्षण का एक तरीका यह है कि प्रत्येक व्यक्ति अपना संसाधन उपभोग कम कर दे।
iii.वस्तुओ का पुनः उपयोग और पुनः चक्रण करके भी हम संसाधनो का संरक्षण कर सकते हैं।
iv. संसाधनो का संरक्षण करने से हम पृथ्वी पर विभिन्नता ला सकते हैं, जिससे हम पृथ्वी और जीवन बनाये रख सकते हैं।

Page : 5, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q3 मानव संसाधन महत्वपूर्ण क्यों है?

Answer.

i.मनुष्यो द्वारा प्रकृति की वस्तुओं को विज्ञानं तथा प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके उत्पन किये जाने वाले संशाधनों को मानव संसाधन कहते हैं।
ii.मनुष्य अपने आप में ही एक संशाधन है।
iii.शिक्षा और स्वास्थ्य का उपयोग करके मानुष सबसे बहुमूल्य संशाधन बन गया हैं।
iiमानव संशाधनों का प्रयोग करके हम अपने जीवन को और सरल बना सकते हैं।
iv.मानव संसाधन का प्रयोग हम प्राकृतिक संसाधनों के जगह उपयोग करके प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कम कर सकते हैं,जिससे हम उनका संरक्षण कर सकते हैं।
v. प्राकृतिक संशाधनों का संरक्षण करके हम पृथ्वी पर जीवन बनाये रख सकते हैं।
vi.अतः मानव संसाधन बहुत महत्वपूर्ण है।

Page : 5, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Scanned with CamScanner

Q4 सततपोषणीय विकास क्या है?

Answer.

I.संशाधनों का उपयोग करने की आवश्यकता और भविष्य के लिए उनके संरक्षण में संतुलन बनाये रखना सततपोषणीय विकास है।

ii.सततपोषणीय विकास की कुछ सिद्धांत हैं:

a.जीवन के सभी रूपो का आदर और देखभाल।

b.मानव जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना।

c.पृथ्वी की जीवन शक्ति और विविधता का संरक्षण करना।

d.प्राकृतिक संशाधनों के ह्रास को कम से कम करना,इत्यादि

Iii.सततपोषणीय विकास से ही हम अपने सारे संशाधनों का अधिक समय तक उपयोग कर सकते हैं।

Page : 5, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q1निम्नलिखित में से कौन संशाधन को निर्धारित नहीं करता?

(क). उपयोगिता।

(ख). मूल्य।

(ग). मात्रा।

Answer. (ख) मूल्य।

Page : 5, Block Name : सही उत्तर पर निशान लगाइए

Q2 निम्नलिखित में से कौन-सा मानव निर्मित संशाधन है?

(क).कैंसर उपचार की ओषधिया

(ख). झरने का पानी

(ग).उष्णकटिबंधीय वन

Answer. (क) कैंसर उपचार की औषधिया।

Page : 5, Block Name : सही उत्तर पर निशान लगाइए

Q3 कथन पूरा कीजिये।

अनवीकरणीय संशाधन ..... होते है।

(क) सिमित भंडार वाले।

(ख) मनुष्यो द्वारा निर्मित।

(ग) निर्जीव वस्तुओ से व्युत्पन।

Answer. (क)सिमित भंडार वाले।

Scanned with CamScanner

Page : 5, Block Name : सही उत्तर पर निशान लगाइए

Scanned with CamScanner

Class : 8th
Subject : भूगोल
Chapter : 2
Chapter Name : भूमि,मृदा, जल, प्राकृतिक वनस्पति और वन्य जीवन संशाधन।

Q1 मृदा निर्माण के लिए उत्तरदायी दो मुख्य जलवायु कारक कौन से है?

Answer. जनक शैल का स्वरुप और जलवायविक कारक मृदा निर्माण के मुख्य कारक हैं।

Page: 20, Block Name : निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q2 भूमि निम्नीकरण के कोई दो कारण लिखिए।

Answer. कृषि और निर्माण सम्बंधित गतिविधियां भूमि निम्नीकरण के कारक हैं।

Page: 20, Block name : निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q3 भूमि को महत्वपूर्ण संशाधन क्यों माना जाता है?

Answer.
१.भूपृष्ठ के कुल क्षेत्रफल का लगभग 30 प्रतिशत भाग भूमि है,जिसका सभी भाग आवास योग्य नहीं है।
२.उबड़ खाबड़ स्थलाकृति,पर्वतो की तीव्र ढाल, जलाक्रांत संभावित निम्न क्षेत्र,मरुस्थल क्षेत्र एवं सघन वन क्षेत्र सामान्यतः विरल अथवा निर्जल हैं।
३.भूमि का उयोग कृषि वानिका ,खनन,सड़को और उद्योगों की स्थापना के लिए किया जाता है।
निम्न कारणों के कारण भूमि को महत्वपूर्ण संशाधन माना जाता है।

Page: 20, Block name : निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q4 किन्ही दो सोपानों के नाम बताइये जिन्हें सरकार ने पौधों और प्राणियों के संरक्षण के लिए आरंभ किया है।

Answer. सी.आई.टी.ई.एस. (द कन्वेंशन ओन इंटरनेशनल ट्रेंड इन इंनडेंजेर्ड स्पीशीज ऑफ़ वर्ल्ड फौना एंड फ़्लोरा) यह सरकारद्वारा प्राणियों और पौधों के संरक्षण के लिए आरंभ किया गया हैं।

Page : 20, Block name : निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q5 जल संरक्षण के तीन तरीके बताए।

Answer.
१.जल का संग्रहण।
२.खेतो को सिचित करने वाली नहरो को ठीक से पक्का करना।

Scanned with CamScanner

३.रिसाव एयर वाष्पीकरण से होने वाले जल के नुकसान को रोकने के लिये क्षेत्र की स्प्रिंक्लेरो से सिचाई करना।

यह कुछ तरीके है जल संरक्षण के तरीके हैं।

Page : 20, Block name : निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q1 निम्नलिखित में से कौन-सा कारक मृदा निर्माण का नही है?
(क) समय (खा) मृदा का गठन (ग) जैव पदार्थ

Answer. (ख)मृदा का गठन।

Page : 20, Block Name : सही उत्तर को चिन्हित कीजिये

Q2 निम्नलिखित में से कौन सी विधि तीव्र ढालो पर मृदा अपरदन को रोकने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?
(क) रक्षक मेखला (ख) मलचिंग (ग) वेदिका कृषि

Answer. (ग) वेदिका कृषि

Page : 20, Block name : सही उत्तर को चिन्हित कीजिये

Q3 निम्नलिखित में से कौन सा प्रकृति के संरक्षण के अनुकूल नहीं है?
(क)बल्ब को बंद कर दें चाहिए जब आवश्यकता न हो।
(ख)नल को उपयोग के बाद तुरंत बंद कर देना चाहिए।
(ग) ख़रीददारी के बाद पाली पैक को नष्ट कर देना चाहिए।

Answer. (ग) ख़रीददारी के बाद पोली पैक को नष्ट कर देना चाहिए।

Page : 20, Block Name : सही उत्तर को चिन्हित करे

Q4 निम्नलिखित का मिलान कीजिये:-
(क) भूमि उपयोग - मृदा अपरदन को रोकना।
(ख) ह्यूमस - ऊपरी मृदा पर निक्षेपित जैव पदार्थ।
(ग) चट्टान बाँध - स्थलमंडल , जलमंडल और वायुमंडल के बीच जुड़ा एक संकरा क्षेत्र।
(घ) जैवमंडल - भूमि का उत्पादनकारी उपयोग।

Answer. (क) भूमि उपयोग - भूमि का उत्पादनकारी उपयोग।
(ख) ह्यूमस - ऊपरी मृदा पर निक्षेपित जैव पदार्थ।
(ग) चट्टान बाँध - मृदा अपरदन को रोकना।
(घ) जैवमंडल - स्थलमंडल , जलमंडल और वायुमंडल के बीच जुड़ा एक संकरा क्षेत्र।

Scanned with CamScanner

Page : 20, Block name : निम्नलिखित का मिलान कीजिये

Q5 निम्नलिखित कथनों में से सत्य अथवा असत्य बताइये। यदि सत्य है तो उसके कारण लिखिए:-
भारत का गंगा ,ब्रम्हपुत्र का मैदान अत्यधिक आबाद प्रदेश है?

Answer. सत्य। कारण: गंगा ,ब्रम्हपुत्र के मैदान का टॉरूप सामान्य है और वह की मृदा भी उपजाऊ है इन्ही कारणों की वजह से वह अत्यधिक आबाद प्रदेश हैं।

Page : 20 Block Name: निम्नलिखित कथनों में से सत्य अथवा असत्य बताइये। सत्य है तो उसके कारण लिखिए

Q2 भारत के प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता कम हो रही है।

Answer. सत्य। कारण:बारिश के पानी का संग्रहण न करने के कारण और जल को आवश्यकता से अधिक इस्तेमाल
करने के कारण भारत में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता कम हो रही है।

Page: 20, Block Name: निम्नलिखित कथनों में से सत्य अथवा असत्य बताइये। सत्य है तो उसके कारण लिखिए

Q3 तटीय क्षेत्रों में पवन गति रोकने के लिए वृक्ष कतार में लगाये जाते है,जिससे बीच की फसल उगाने कहते है।

Answer. असत्य।

Page: 20, Block Name: निम्नलिखित कथनों में से सत्य अथवा असत्य बताइये। सत्य है तो उसके कारण लिखिए

Q4 मानवीय हस्तक्षेप और जलवायु परिवर्तन पारितंत्र को व्यवस्थित रख सकते है।

Answer. सत्य। कारण: पारितंत्र के भीतर अव्यवस्थिता मनुष्यो के पर्यावरण छेद-चढ़ की वजह से ही आयी है इसीलिए मानुष ही उसे फिर से व्यवस्थित कर सकता है।

Page: 20, Block Name: निम्नलिखित कथनों में से सत्य अथवा असत्य बताइये। सत्य है तो उसके कारण लिखिए

Scanned with CamScanner

Class : 8th
Subject : भूगोल
Chapter : 3
Chapter Name : खनिज और शक्ति संसाधन

Q1 प्रतिदिन आपके उपयोग में आने वाले तीन सामान्य खनिजो के नाम बताइये।

Answer. लोहा, एल्युमीनियम और ग्रेफाइट यह प्रतिदिन उपयोग में आने वाले तीन सामान्य खनिज है।

Page : 34, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q2अयस्क क्या है? धात्विक खनिजो के अयस्क सामान्यतः कहा पाए जाते है?

Answer.

- शैल जिनसे खनिजो का खनन किया जाता है उसे अयस्क कहते हैं।
- धात्विक खनिज आग्नेय और कायांतरित शैल समूह जिनसे विशाल पत्थरो का निर्माण होता है उसमें पाए जाते हैं।

Page : 34, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q3 प्राकृतिक गैस संशाधनों में संपन्न दो प्रदेशो के नाम बताइए।

Answer. भारत में जैसलमेर ,कृष्णा-गोदावरी डेल्टा में प्राकृतिक गैस के संशाधन हैं।

Page : 34, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q4इनके लिए ऊर्जा के किन स्रोतो का सुझाव देंगे-
(क)ग्रामीण क्षेत्रो (ख) तटीय क्षेत्रों (ग) शुष्क प्रदेशो

Answer.
(क) ग्रामीण क्षेत्रो-बायो गैस
(ख) तटीय क्षेत्रों- पवन ऊर्जा
(ग) शुष्क प्रदेशो- सूर्य ऊर्जा

Page : 34, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q5पाँच तरीके दीजिये जिनसे आप घर पर ऊर्जा बचा सकते है।

Answer.

- आवश्कता न होने पर घर के जल रहे स्विच को बंद करे।
- खाना ढक कर पकाये।

Scanned with CamScanner

- प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करे।
- रात या अँधेरा होने से पहले लाइट का इस्तेमाल न करे।
- अपने मोबाइल फ़ोन के चार्ज न होने पर चार्जर बंद करके रखे।

Page : 34, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q1 निम्नलिखित में से कौन-सी एक खनिजों की विशेषता नहीं है?
(क) वे प्राकृतिक प्रक्रियाओ द्वारा निर्मित होते हैं।
(ख) उनका एक निश्चित रासायनिक संघटन होता हैं।
(ग) वे असमाप्य होते हैं।
(घ) उनका वितरण असमान होते हैं।

Answer. (ग) वे असमाप्य होते है।

Page : 34, Block Name : सही उत्तर चिन्हित कीजिये

Q2 निम्नलिखित में से कौन विश्व में तांबे का अग्रणी उपत्पादक है?
(क) बोलीविया (ख) चिली (ग) घाना (छ) ज़िम्बाब्वे

Answer. (ख)चिली।

Page : 34, Block Name : सही उत्तर को चिन्हित कीजिये

Q3 निम्नलिखित प्रक्रियाओं में से कौन-सी आपके रसोईघर में द्रवित पेट्रोलियम गैस(एल.पी. जी.) संग्रक्षित नहीं करेगी-
(क) पकाने से पहले दाल को कुछ समय के लिए भिगोना।
(ख) प्रेशर कुकर में खाना पकाना।
(ग) पकाने के लिए गैस जलने से पूर्व सब्ज़ियों को काट लेना।
(घ) खुली कढ़ाई में कम ज्वाला पर भोजन पकाना।

Answer. (घ) खुली कड़ाई में कम ज्वाला पर भोजन पकाना।

Page : 34, Block Name : सही उत्तर को चिन्हित कीजिये

Q1 बड़े बांधो के निर्माण के पूर्व परिवर्णीय पहलुओं को ध्यानपूर्वक देखना चाहिए।

Answer.

- बड़े बांधो के निर्माण के लिए किनारे के पेड़ों को काटा जाता है जिससे पर्यावरण को बहुत हानि होती है।
- बांध के निर्माण में नदियों को बाट दिया जाता है जिससे नदियों का बहना रुक जाता है।

Scanned with CamScanner

- क्योंकि नदी अब स्वतंत्र रूप से बहती नहीं है, पानी स्थिर हो जाता है और जलाशय का तल ऑक्सीजन से रहित हो जाता है जिससे जल जीवन को बहुत हानि होती है।
- इसीलिए बांधो के निर्माण से पहले पर्यावरणीय पहलु को ध्यान से देखा जाता।

Page : 34, Block Name : कारण बताइये

Q2अधिकांश उद्योग कोयला खानों के पास केंद्रित होते है।

Answer.

- कोयला बहुत सारी उद्योगों के लिए ऊर्जा और कच्चे माल का स्त्रोत हैं।
- यदि यह उद्योग कोयला खानों से दूरी पर होंगे तो कोयले को ले जाने का खर्च बढ़ जाएगा और कोयला ले जाने में कुछ कोयला बर्बाद भी हो सकता है।
- इन्ही कारणों की वजह से बहुत से उद्योग कोयला खानों के पास केंद्रित हैं।

Page : 34, Block Name : कारण बताइये

Q3पेट्रोलियम को 'काला सोना' कहा जाता है।

Answer.

- पेट्रोलियम के कच्चे तेल को जब भूमि से निकाला जाता है तब उसका रंग काला होता हैं।
- पेट्रोलियम के बहुत सारे उपयोग है जैसे की पेट्रोलियम गाड़ियों के ईंधन में इस्तेमाल किया जाता है।
- पेट्रोलियम का उपयोग विद्युत ऊर्जा उत्पादन में भी किया जाता है।
- पेट्रोलियम बहुत कम भी पाया जाता है।
- इन सभी कारणों की वजह से पेट्रोलियम को काला सोना कहा जाता है।

Page : 34, Block Name : कारण बताइये

Q4 आखंनन परिवर्णीय चिंता का विषय हो सकता है।

Answer.

- आखानंन में सतह के निकट स्थित खनिजो को खोद कर निकाला जाता है।
- इससे आसपास की भूमि पर प्रभाव पढता है इसीलिए आखानंन पर्यावरणीय चिंता का विषय हो सकता है।

Page : 34, Block Name : कारण बताइये

प्रश्न 4 निम्नलिखित में से अंतर स्पष्ट कीजिये:-

Q1परंपरागत और गैस-परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोत।

Answer .

Scanned with CamScanner

परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोत	गैर-परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोत
• ऊर्जा के परंपरागत स्त्रोत वे है जो लबे समय से सामान्य उपयोग मेंलाये जा रहे हैं।	• वे स्त्रोत जो पर्यावरण में उपस्थित है और जिनके भंडार असीमित है उनके गैर परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोत कहते है, जीवश्मी ईंधनों के बढ़ते उपयोग के कारण दिन प्रति दिन इनका उपयोग कम किया जा रहा हैं।
• ईंधन और जीवश्यमी ईंधन परंपरागत ऊर्जा के दो स्त्रोत है।	• परमाणु ऊर्जा और सौर्य ऊर्जा गैर परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोत हैं।

Page : 34, Block Name : निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए

Q2 बायोगैस और प्राकृतिक गैस

Answer.

बायोगैस	प्राकृतिक गैस
• यह मानव द्वारा निर्मित संशाधन हैं।	• यह पेट्रोलियम निक्षेपो के साथ पाये जाने वाले तथा प्रकृति में पाए जाने वाले संशाधन हैं।
• इसका उत्पादन जैविक अपशिष्ट, जैसे मृत पौधे, जंतुओं के अवशेष ,पशुओं के गोबर से किया जाता है।	• भारत के कृष्ण-गोदावरी डेल्टा और जैसलमेर जैसे क्षेत्रों में प्राकृतिक गैस संशाधन हैं।

Page : 34, Block Name : निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए

Q3 लोह और अलौह खनिज

Answer.

लोह खनिज	अलौह खनिज
• जिस खनिज में लोहा होता है उसे लोहा खनिज कहते हैं।	• जिस खनिज में लोहा नहीं होता है उसे अलौह खनिज कहते है।

Scanned with CamScanner

• उद्धरण: क्रोमाइट,मैंगनीज।	• उद्धरण: तांबा, सीसा।

Page : 34, Block Name : निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए

Q4 धात्विक और अधात्विक खनिज

Answer.

धात्विक खनिज	अधात्विक खनिज
• धात्विक खनिज में धातु कच्चे रूप में होते है	• अधात्विक खनिजो में धातुए नहीं होती।
• उदाहरण: लोहा अयस्क, बॉक्साइट ,मैंगनज अयस्क।	• उदाहरण:चुना-पत्थर और जिप्सम।

Page : 34, Block Name : निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए

Scanned with CamScanner

Class : 8th
Subject : भूगोल
Chapter : 4
Chapter Name : कृषि

Q1 कृषि क्या है?

Answer. एक प्राथमिक क्रिया जिसमे फसलो, फलो,सब्जियों, फूलो को उगाना और पशु पालन शामिल है उससे कृषि कहते हैं।

Page : 46, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q2 उन कारको का नाम बताइये जो कृषि को प्रभावित कर रहे है?

Answer. जलवायु,प्रकाश,वर्षा, मृदा, आद्रता, तापमान इत्यादि कृषि को प्रभावित करते हैं।

Page : 59, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q3 स्थानांतरी कृषि क्यों है? इस कृषि की क्या हानिया है?

Answer.

- जिस कृषि विधि में भूमि की उर्वरता ख़तम हो जाने पर कृषक उस भूमि को छोड़ कर दूसरी भूमि की ओर चला जाता है उसे स्थानांतरी कृषि कहते हैं ।
- इस कृषि विधि में भोखंड को साफ़ किया जाता है वहां के पेड़ों को काट कर जिससे प्राकृति को हानि होती है।

Page : 59, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q4 रोपण कृषि क्या है?

Answer. रोपण कृषि वाणिज्यिक कृषि का एक प्रकार है जहां चाय,कहवा, काजू, रबर, केला अथवा कपास की फैसले उगायी जाती है।

- इसमें बहुत बड़े पैमाने पर श्रम और पूजा की आवश्यकता होती है।
- उत्पाद का प्रसंस्करण खेतो पर या निकट के कारखानों में किया जाता है।
- इस प्रकार इस कृषि में परिवहन जाल के विकास की अनिवार्यता होती है।
- मलेशिया में रबर, ब्राज़ील मे कहवा, भारत और श्रीलंका मे चाय इसके उदाहरण हैं।

Page : 59, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Scanned with CamScanner

Q5 सरकार किसानों को कृषि के विकास में किस प्रकार मदद करती है?

Answer.

- किसानों को अच्छी नस्ल के बीज कम दरों पर देना।
- बेहतर सिचाई सुविधाएं देना।
- अच्छे उर्वर प्रदान करना।
- कृषि के लिए नयी मशीनें सस्ते दामो पर किसानों को देना ।

इन सभी तरीको से सरकार किसानों की कृषि विकास में मदत करती है।

Page : 59, Block Name : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये

Q1 उद्यान कृषि का अर्थ ह?
(क) गेहू उगाना।
(ख) आदिम कृषि।
(ग) फलो व सब्ज़ियों को उगाना।

Answer. (ख) फलो व सब्ज़ियों को उगाना

Page : 59, Block Name : सही उत्तर को चिन्हित कीजिये

Q2 'सुनहरा रेशा' से अभिप्राय है?
(क) चाय।(ख) कपास (ग) पटसन

Answer. (ग) पटसन

Page : 59, Block Name : सही उत्तर को चिन्हित कीजिये

Q3कॉफ़ी का प्रमुख उत्पादक है-
(क) ज़ील (ख) भारत (ग) रूस

Answer.
(क) ब्राज़ील

Page : 59, Block Name : सही उत्तर को चिन्हित कीजिये

Q1भारत में कृषि एक प्राथमिक क्रिया है

Answer.

- प्राथमिक क्रियाओं के अंतर्गत उन सभी क्रियाओं को शामिल किया जाता है जिनका संबंध प्राथमिक संशाधनों के उत्पादन और निष्कर्षण से होता है।

Scanned with CamScanner

- भारत में कृषि प्राथमिक क्रिया है क्योंकि इसके कृषि में सारी प्राथमिक क्रियाए शामिल है,जैसे की फसलो,फलो,फूलों को उगाना और पशुधन पालन करना।

Page : 59, Block Name : कारण बताइये

Q2 विभिन्न फसले विभिन प्रदेशो में उगाई जाती है।
Answer.

- विभिन्न प्रदेशों में स्थलाकृति, जलवायु और मृदा विभिन्न है।
- विभिन्न स्थलाकृति ,जलवायु, और मृदा में विभिन्न फसले उगती हैं।

इसीलिए विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न फसले उगती हैं।

Page : 59, Block Name : कारण बताइये

प्रश्न 4. अंतर स्पष्ट कीजिए:-

Q1 प्राथमिक क्रियाए और तृतीया क्रियाए

Answer.

प्राथमिक क्रियाए	तृतीया क्रियाए
• जिन क्रियाओं का संबंध प्राकृतिक संसाधनो के उत्पादन और निष्कारण से है उन्हें प्राथमिक क्रियाए कहा जाता हैं।	• जो क्रियाए प्राथमिक और द्वितीय क्षेत्रो को सेवाकार्यो द्वारा सहयोग प्रदान करती है उन्हें तृतीया क्रियाए कहा जाता हैं।
• कृषि, मत्स्यन और संग्रहण यह प्राथमिक क्रियाओं के उदहारण हैं।	• व्यापर, बैंकिंग, बिमा और विज्ञापन यह तृतीया क्रियाओं के उदाहरण हैं।

Page : 59, Block Name : अंतर बताइये

Q2निर्वाह कृषि और गहन कृषि

Answer.

निर्वाह कृषि	गहन कृषि

Scanned with CamScanner

• इस प्रकार की कृषि कृषक परिवार की आवश्यकता को पूरा करने जे लिए की जाती हैं।	• गहन कृषि में किसान एक छोटे से भूखंड पर साधारण औज़ारों और श्रम से खेती करता हैं।
• पारंपरिक रूप से कम उपज प्राप्त करने के लिए स्तरीय प्रौद्योगिकी और पारिवारिक श्रम का उपयोग किया जाता हैं।	• अधिक धुप वाले दिनों से युक्त जलवायु और उर्वर मृदा वाले खेत में, एक वर्ष से अधिक फसले उगायी जा सकती हैं।
• निर्वाह कृषि को पुनः गहन निर्वाह कृषि और आदिम निर्वाह कृषि में वर्गीकृत किया जा सकता हैं।	• गहन निर्वाह कृषि दक्षिणी, दक्षिण पूर्वी और पूर्वी एशिया के सघन जनसंख्या वाले मॉनसूनी प्रदेश प्रचलित है। उदहारण: चावल, गेहू,इत्यादि।

Page : 59, Block Name : अंतर बताइये

Scanned with CamScanner

इतिहास

अध्याय नंबर	अध्याय का नाम
अध्याय 1	क्या, कब, कहाँ और कैसे
अध्याय 2	व्यापार से साम्राज्य तक
अध्याय 3	ग्रामीण क्षेत्र पर शासन चलाना
अध्याय 4	आदिवासी, दिकु और एक स्वर्ण युग की कल्पना

Scanned with CamScanner

Class : 8
Subject : सामाजिक विज्ञान
Chapter : 1
Chapter Name : कैसे, कब और कहाँ

Q1 सही और गलत बताएँ:

I) जेम्स मिल ने भारतीय इतिहास को हिन्दू , मुस्लिम, ईसाई तीन कालखण्डों में बाँट दिया था ।

ii) सरकारी दस्तावेज़ों से हमें यह समझने में मदद मिलती है कि लोग क्या सोचते हैं ।

iii) अंग्रेजों को लगता था कि सही तरह शासन चलने के लिए सर्वेक्षण महत्वपूर्ण होते हैं।

Answer.

i) नहीं।

ii) नहीं।

iii) हाँ।

Page : 8 , Block Name : फिर से याद करें

Q2 जेम्स मिल ने भारतीय इतिहास को जिस तरह काल खंडो में बाटाँ है, उसमे क्या समस्याएँ हैं ।?

Answer.जेम्स मिल ने जिस तरह भारतीय इतिहास को हिन्दू, मुस्लिम व ब्रिटिश कालखंडो में बाटाँ उसमें यहाँ दिखाने की कोशिश की गयी है कि भारत में ब्रिटिशों के आने से पहले यहाँ लोग सिर्फ धर्म, जाति के नाम पर लड़ते थे। यहाँ के शासकों को तानाशाह समझा गया और नागरिकों को असभ्य समझा गया।

जेम्स मिल के इस विभाजन से हमें अनेक समस्याएँ दिखती हैं-

→ भारत में क्या सभी धर्मों के शासको ने देश को धर्म की नज़र से बाँट कर रखा। परंतु हमने देखा है की यहाँ पर लोग एक दूसरे के साथ शांति से रहते थे और इतिहास में भी कोई बड़ी घटना का उल्लेख नहीं है|

→ क्या ब्रिटिश वाकई में भारतीयों को सभ्य बनाना चाहते थे या फिर उपनिवेशवाद फैलाना चाहते थे|क्योंकि अगले 200 साल भारतीय उपमहाद्वीप को जिस तरह उपनिवेशवाद में रखा गया उससे तो यही पता चलता है कि ब्रिटिश भारत को सभ्य नहीं बनाना चाहते थे बल्कि एक कालोनी चाहते थे|

Page : 8 , Block Name : आइए विचार करें

Q3 अंग्रेज़ों ने सरकारी दस्तावेज़ों को किस तरह सुरक्षित रखा ?

Answer. अंग्रेज़ों ने सरकारी दस्तावेज़ों को सुरक्षित रखने के लिए अनेक उपाय करे जैसे अभिलेखागार बनाना या फिर सर्वेक्षण को महत्व देना |

Scanned with CamScanner

→ अंग्रेज़ मानते थे कि चीज़ों को लिखना बहुत महत्वपूर्ण होता है| ऐसा करने से उन दस्तावेज़ों का अच्छे से अध्ययन करा जा सकता था तथा उन पर वाद-विवाद भी करवाया जा सकता था|
→ सरकारी मुलाज़िम के बीच संचार माध्यम को भी दस्तावेज़ों द्वारा और मजबूत बनाकर कार्यों का निपटारा किया जा सकता था|

Page : 8 , Block Name : आइए विचार करें

Q4 इतिहासकार पुराने अखबारों से जो जानकारी जुटाते हैं वो पुलिस की रिपोर्टों में उपलब्ध जानकारी से किस तरह अलग होती है ?
Answer.आमतौर पर पुलिस की रिपोर्ट या फिर कोई भी सरकारी रिपोर्ट में सरकार के विचार को ज्यादा प्रदर्शित किया जाता था | जिन दस्तावेज़ों की उन्हें जरुरत होती थी वे बस उन्हें ही संभाल कर रखते थे| इससे इतिहास-कारों को आम लोगों के विचारों का पता नहीं चलता है लेकिन पुराने अखबारों, तीर्थ यात्राओं के संस्मरणों और आत्मकथाओं से हमें देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों के विचार प्रस्तुत होते थे| इनमें नेताओं के विचार व कवि जगत के लोगों की सोच पता चलती थी|
लेकिन एक आम आदमी, किसान के विचार अभी भी लोगों तक नहीं पहुँच पाते थे क्योंकि आमतौर पर वे अशिक्षित थे और जो लोग अपने विचार प्रस्तुत करते थे वे पढ़े-लिखे लोग थे|

Page : 8 , Block Name : आइए विचार करें

Scanned with CamScanner

Class : 8
Subject : सामाजिक विज्ञान
Chapter : 2
Chapter Name : व्यापार से साम्राज्य तक

Q1 निम्नलिखित के जोड़े बनाए

दीवानी - भू-राजस्व वसूल करने का अधिकार

शेर-ए-मैसूर - टीपू सुल्तान

फौजदारी अदालत - फौजदारी अदालत

रानी चेन्नम्मा - कित्तूर में अँग्रेज़ विरोधी आंदोलन का नेतृत्व किया

सिपाही - सिपॉय

वॉरेन हेस्टिंग्स - भारत का पहला गवर्नर जनरल

Answer.-

Page : 24 , Block Name : फिर से याद करें

Q2 रिक्त स्थान भरे

(क) बंगाल पर अंग्रेज़ों की जीत _____ की जंग से शुरू हुई थी।

(ख) हैदर अली और टीपू सुलतान _____ के शासक थे।

(ग) डलहौज़ी ने _____ का सिद्धांत लागू किया।

(घ)मराठा रियासते मुख्य रूप से भारत के _____में स्थित थी।

Answer.(क) प्लासी

(ख) मैसूर

(ग) विलय नीति

(घ) दक्षिण पश्चिम

Page : 24 , Block Name : फिर से याद करें

Q3 सही या गलत बताएँ

(क) मुग़ल साम्राज्य अठारवीं सदी में मजबूत होता गया।

(ख) इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी भारत के साथ व्यापार करने वाली एकमात्र यूरोपीय कंपनी थी।

(ग) महाराजा रंजीत सिंह पंजाब के राजा थे।

Scanned with CamScanner

(घ) अंग्रेज़ों ने अपने कब्ज़े वाले इलाकों में कोई शासकीय बदलाव नहीं किये।

Answer. (क) गलत

(ख) गलत

(ग) सही

(घ) गलत

Page : 25 , Block Name : फिर से याद करें

Q4 यूरोपीय व्यापारिक कंपनियाँ भारत की तरफ क्यों आकर्षित हो रही थी?

Answer. यूरोपीय व्यापारिक कंपनियाँ भारत की तरफ आकर्षित इसलिए हो रही थी क्योंकि-

→ भारत में निर्मित बारीक़ सूती कपड़ों एवं रेशम के कपड़ों की यूरोपीय बाज़ारों में काफी माँग थी।

→ भारत में मसालों का उत्पादन उस समय के हिसाब से सबसे ज्यादा था और इन मसालों की गुणवता बहुत अच्छी थी जिस वजह से इन मसालों की मांग भी पूरे यूरोपीय क्षेत्र में थी।

→ जो भी उत्पाद ये यूरोपीय व्यापारी भारत से आयात करते थे उनकी कीमत काफी कम होती थी जिस वजह से वे व्यापारी उन्ही चीजों को यूरोप ले जाकर काफी ज्यादा लाभ के साथ बेचते थे।

Page : 25 , Block Name : आइए विचार करें

Q5 बंगाल के नवाबों और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच किन बातों पर विवाद थे?

Answer. बंगाल के नवाबों और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच निम्न बातों पर विवाद थे-

नवाबों ने कंपनी को व्यापार में कोई भी रियायत देने से मना कर दिया अपितु वे कंपनी से नज़रानो की माँग करने लगे।

→ नवाबों ने कंपनी पर धोखाधड़ी के आरोप लगाना शुरू कर दिए और दलील दी कि कंपनी कि वजह से सरकार के राजस्व वसूली में कमी हो रही थी।

→ वही ईस्ट इंडिया कंपनी भी टैक्स नहीं चुकाना चाह रही थी और कंपनी के अफ़सर नवाबों को अपमान जनक चिट्ठी लिखने लगे।

→ कंपनी का मानना था कि नवाबों की बेतुकी शर्तों से व्यापार तबाह हो रहा है और व्यापार को फलने फुलने के लिए सरकार को शुल्क वापस लेने होंगे।

Page : 25 , Block Name : आइए विचार करें

Q6 दीवानी मिलने से ईस्ट इंडिया कंपनी को किस तरह फायदा पहुँचा ?

Scanned with CamScanner

Answer. दीवानी मिलने से ईस्ट इंडिया कंपनी को निम्न तरह फायदा पहुँचा-

→ दीवानी मिलने से ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल के विशाल राजस्व संसाधनों पर नियंत्रण मिल गया जिससे उनके सामने नवाबों की शक्ति कम होने लगी।

→ दीवानी मिलने से कंपनी को अब ब्रिटेन से सब चांदी आयात करके भारतीय उत्पादों को खरीदने की जरुरत नहीं थी क्योंकि अब कंपनी के पास भारत से होने वाली आमदनी से ही आयात करने के लिए पर्याप्त धन मौजूद था।

→ दीवानी मिलने के साथ ही कंपनी ने अपनी विस्तारवादी नीति को शुरू किया और क़िलों और दफ्तरों का निर्माण शुरू किया ।

Page : 25 , Block Name : आइए विचार करें

Q7 ईस्ट इंडिया कंपनी टीपू सुल्तान को खतरा क्यों मानती थी?

Answer. ईस्ट इंडिया कंपनी टीपू सुल्तान को खतरा इसलिए मानती थी क्योंकि-

→ मालाबार तट पर होने वाला व्यापार मैसूर रियासत के अंतर्गत आता था और टीपू सुलतान वहाँ के शासक थे । टीपू सुलतान ने 1785 में अपनी रियासत में पड़ने वाले बंदरगाहों से चंदन की लकड़ी व मसालों के निर्यात पर रोक लगा दी एवं स्थानीय सौदागरों को भी कंपनी के साथ कारोबार करने से रोक दिया जिससे कंपनी को काफी नुकसान हुआ ।

→ मैसूर के शासक टीपू सुल्तान ने फ़्रांसीसी व्यापारियों के साथ भी काफी घनिष्ट सम्बन्ध विकसित किये जो ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रतिद्वंद्वी थे और उनसे टीपू सुल्तान ने अपनी सेना का आधुनिकीकरण भी करवाया जिससे कंपनी के अफ़सर घबरा गए।

Page : 25 , Block Name : आइए विचार करें

Q8 "सब्सिडियरी एलायंस" (सहायक संधि) व्यवस्था की व्याख्या करें।

Answer. सहायक संधि के माध्यम से कंपनी अपना वर्चस्व पूरे भारत में फैलाना चाहती थी । इसके अनुसार जो भी रियासत इस बंदोबस्त को मान लेती है उसे अपनी स्वतंत्र सेनाएँ रखने का अधिकार नहीं रहता था। उसे कंपनी की तरफ से सुरक्षा मिलती थी और इस सुरक्षा के बदले रियासत कंपनी को रकम का भुगतान करती थी। अगर कोई शासक रकम अदा करने में चूक जाते थे तो कंपनी उनके अधिकार क्षेत्र का हिस्सा जुर्माने के तौर पर कब्ज़ा लेती थी। यह संधि अंग्रेज़ों की विस्तारवादी नीति का एक प्रमुख हिस्सा थी।इस व्यवस्था के कारण अवध के नवाब को अपना आधा इलाक़ा कंपनी को सौंपना पड़ा था क्योंकि उनके पास सहायक सेना के भुगतान के लिए पैसे नहीं थे।

Page : 25 , Block Name : आइए विचार करें

Scanned with CamScanner

Q9 कंपनी का शासन भारतीय राजाओं के शासन से किस तरह अलग था?

Answer. कंपनी का शासन भारतीय राजाओं के शासन से निम्न तरह अलग था-

→ कंपनी का शासन सीधे सीधे गवर्नर जनरल के हाथों था, वही भारतीय शासन में यह ताकत राजा या नवाबों के हाथों में होती थी।

→ कंपनी के शासनकाल में हर ज़िले में फौजदारी और दीवानी अदालत अलग अलग थी वही भारतीय शासक ने ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बनाई थी।

→ हर ज़िले में एक कलेक्टर की अहम भूमिका होती थी उसका मुख्य काम लगान वसूलना और सभी सरकारी महकमों के आपसी तालमेल से ज़िले की क़ानून व्यवस्था को बनाए रखना होता था।

Page : 25 , Block Name : आइए विचार करें

Q10 कंपनी की सेना की संरचना में आये बदलावों का वर्णन करें।

Answer. कंपनी जब भारत आई थी तो ये भी मुग़लों की तरह घुड़सवारों पर ज्यादा केंद्रित थी। लेकिन जब अवध और बनारस जैसी रियासतों में किसानों को भर्ती कर उन्हें पेशेवर सैनिक प्रशिक्षण दिया जाने लगा तो ये सूरत बदलने लगी। उन्नीसवीं सदी के साथ ही घुड़सवारों की जरूरत कम पड़ने लगी। अंग्रेज़ अपनी सेना को सिपॉय आर्मी कहते थे।

नयी भर्ती सैनिकों को मस्कट और मैचलॉक से लैस किया जाता था और अब अंग्रेज़ों के लिए पैदल टुकड़ी ज्यादा महत्वपूर्ण होती जा रही थी तथा सैन्य जीवन भी अब काफी ज्यादा अनुशासनात्मक हो गया था।

Page : 25 , Block Name : आइए विचार करें

Scanned with CamScanner

Class : 8
Subject : सामाजिक विज्ञान
Chapter : 3
Chapter Name : ग्रामीण क्षेत्र में शासन चलाना

Q1 निम्नलिखित के जोड़े बनाएँ

रैयत - ग्राम-समूह

महाल - किसान

निज - रैयतों की ज़मीन पर खेती

रैयती - बागान मालिकों की अपनी ज़मीन पर खेती

Answer.

रैयत - किसान

महाल - ग्राम-समूह

निज - बागान मालिकों की अपनी ज़मीन पर खेती

रैयती - रैयतों की ज़मीन पर खेती

Page : 37 , Block Name : फिर से याद करें

Q2 रिक्त स्थान भरें :

(क) यूरोप में वोड उत्पादकों को _____ से अपनी आमदनी में गिरावट का खतरा दिखाई देता था।

(ख) अठारहवी सदी के आखिर में ब्रिटेन में नील की माँग_____ के कारण बढ़ने लगी।

(ग) _____की खोज से नील की अंतराष्ट्रीय माँग पर बुरा असर पड़ा।

(घ) चंपारण आंदोलन _____के ख़िलाफ़ था।

Answer.

(क) नील

(ख) औद्यगिकीकरण

(ग) कृत्रिम रंग

(घ) नील बागानों

Page : 37 , Block Name : फिर से याद करें

Q3 स्थाई बंदोबस्त के मुख्य पहलुओं का वर्णन कीजिये।

Answer.ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1793 में अपने राजस्वो को बढ़ने के लिए स्थाई बंदोबस्त को लागू किया।

Scanned with CamScanner

इस बंदोबस्त के हिसाब से राजाओं और तालुकदारों को ज़मींदारों के रूप में मान्यता दी गयी। उन्हें किसानों से लगान वसूलने और कंपनी के राजस्व चुकाने का ज़िम्मा सौंपा गया।उनकी और से चुकाई जाने वाली राशि को स्थाई रूप से तय कर दिया गया। इसका मतलब ये की भविष्य में कभी भी कंपनी के द्वारा राशि में इज़ाफा नहीं किया जाना था। लेकिन अगर कोई जमींदार राजस्व चुकाने में विफल हो जाता था तो उसकी ज़मींदारी को छीन लिया जाता था।अंग्रेज़ों को लगता था की क्योंकि राज्य की राजस्व मांग बढ़ने वाली नहीं थी इसलिए जमींदार समय के साथ बढ़ते उत्पादन से फायदे में रहेंगे। दूसरी तरफ, गाँव में किसानों को यह व्यवस्था दमनकारी मालूम होती थी।

Page : 38 , Block Name : आइए विचार करें

Q4 महालवारी व्यवस्था स्थाई बंदोबस्त के मुकाबले कैसे अलग थी?
Answer. बंगाल प्रेसीडेंसी के उत्तर-पश्चिम प्रांतों (वर्तमान में उत्तर प्रदेश और बिहार के क्षेत्र) के लिए होल्ट मर्केंज़ी नामक अंग्रेज़ ने एक नयी व्यवस्था तैयार की गयी जिसे महालवारी व्यवस्था कहा गया। मैर्केंज़ी को लगता था की उत्तर भारत समाज में गॉव एक महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था जिसे बचाकर रखना चाहिए और इस व्यवस्था के अंतर्गत गाँव को ही लगान वसूल करने का अधिकार दिया गया।स्थाई बंदोबस्त में कर एवं लगान वसूल करने का अधिकार ज़मींदारों के हाथों में था वहीं महालवारी व्यवस्था में यह ज़िम्मेदारी गाँव के मुखिया को सौंप दी गयी। स्थाई बंदोबस्त में जैसा की नाम से ही प्रतीत होता है राजस्व स्थाई था अर्थात इस कर राशि को कभी नही बढ़ाया जा सकता था लेकिन महालवारी व्यवस्था में लगान राशि को समय समय पर संशोधित किया जाता था।

Page : 38 , Block Name : आइए विचार करें

Q5 राजस्व निर्धारण की नयी मुनरो व्यवस्था के कारण पैदा हुई दो समस्याएँ बताइए।
Answer. ब्रिटिश नियंत्रण वाले दक्षिण भारतीय इलाकों में भी स्थाई बंदोबस्त की जगह नयी व्यवस्था को शुरू किया गया जिसे रैयातवार(मुनरो व्यवस्था) कहा गया।
इस व्यवस्था को लागू करने वाले मुनरो को लगता था की दक्षिण में परंपरागत जमींदार नहीं थे। इसलिए उनका तर्क था कि उन्हें सीधा किसानों से ही बंदोबस्त करना चाहिए। लेकिन इस व्यवस्था में काफी समस्याएं थी-
→ राजस्व अधिकारियों ने आमदनी को बढ़ाने के लिए राजस्व कुछ ज्यादा ही निर्धारित कर दिया गया था जिसे किसान चुका नहीं पा रहे थे और वे गाँवों से भागने लगे जिससे राजस्व वसूली भी सुस्त पड़ने लगी थी।
→ मुनरो को उम्मीद थी की यहाँ व्यवस्था किसानों को संपन्न और खुशहाल बना देगी लेकिन किसान राजस्व चुकाने की विवशता के कारण माहजनों से क़र्ज़ लिए जा रहा था और उसमे फंसता जा रहा था । किसानों के ऊपर ऋण का बोझ बढ़ने से वे किसानी छोड़ने लगे।

Scanned with CamScanner

Page : 38 , Block Name : आइए विचार करें

Q6 रैयत नील की खेती से क्यों कतरा रहे थे?

Answer.रैयत नील की खेती करने से निम्न कारणों से कतरा रहे थे-

→ रैयतों को बागान मालिकों द्वारा समझौता करने के लिए बाध्य करना जिससे उन्हें कम ब्याज दरों पर नकद कर्ज मिल जाता था लेकिन उन्हें बागान मालिकों द्वारा कम कीमत पर नील बेचने पर मजबूर किया जाता था जिससे रैयत अपना ऋण नहीं चुका पाते थे और अगली फसल के लिए दोबारा अग्रिम ऋण मिल जाता था और ये चक्र निरंतर चलता था जिससे किसानों की दुर्दशा होने लगी।

